**मुख्य विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 05.04.2023 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक निर्माण तथा पानी कनेक्शन के सत्यापन की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।**

उपस्थिति

1– जिला विकास अधिकारी
2– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
3– जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
4– जिला प्रबन्धक कौशल विकास मिशन
5– प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी
6– प्रधान सहायक, कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी
7– जिला कृषि अधिकारी
8– खण्ड विकास अधिकारी, कैम्पियरगंज, सहजनवॉ, ब्रम्हपुर, पाली, पिपराईच, जंगल कौड़िया, भरोहिया, बांसगांव गगहा, बड़हलगंज, बेलघाट,गोला, उरूवा, खजनी, खोराबार सरदारनगर कौड़ीराम एवं चरगॉवा।
9– श्री सरोज जेना, डी0जी0एम0, एन0सी0सी0
10– प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया
11– टीम लीडर मेधज व अन्य
12– जिला कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0, व अन्य स्टाफ
13– समस्त अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण
14– जिला कोआर्डिनेटर आई0एस0ए0
15– समस्त चयनित आईएस0ए0 जनपद गोरखपुर

दिनांक 05–04–2023 को पूर्वान्ह 11.00 बजें से बैठक आहुत किया गया। बैठक मे उपरोक्त समस्त अधिकारी उपस्थित रहें। मेसर्स एन0सी0सी0 के डी0जी0एम0 श्री सरोज जेना द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड पाली एवं सहजनवॉ के ग्राम पंचायतो में ग्रामीण जनो द्वारा कोर्ट गये है, जिसके कारण कार्य प्रारम्भ नही हो पा रहा है। मेसर्स एन0सी0सी0 के डी0जी0एम0 श्री सरोज जेना द्वारा अवगत कराया गया कि सभी ग्राम पंचायतो में भूमि की उपलब्धता हो गयी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सिर्फ कोर्ट जाने से कार्य को रोका नही जा सकता है। जहॉ पर स्टे प्राप्त हो गया है वहॉ कार्य प्रारम्भ नही कराये, जहा स्टे नही है उस ग्राम पंचायत में कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0 )**

बैठक में उपस्थित सहायक विकास अधिकारी, आई0एस0बी0 पिपराईच द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत गोपालपुर में गढढा खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे ग्रामीण जनो को आने जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा मेसर्स नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड, एवं मेसर्स

ऋत्विक कोया के प्रतिनिधियो को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत में किये गये गढढे को तत्काल भराया जाय तथा इस प्रकार की पुनरावृत्ति नही किया जाय।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग)**

खण्ड विकास अधिकारी सहजनवॉ ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत जबरैला विषखोहर में निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक में ईट बहुत ही लो क्वालिटी का प्रयोग किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित मेसर्स एन0सी0सी0 के डीजी0एम0 श्री सरोज जेना से उक्त के सम्बन्ध में पूछे जाने पर बताया गया कि ग्राम पंचायत जबरैला विषखोहर में लगे ठेकेदार को निकाल दिया गया है तथा खराब ईट को बदलकर नये ईट का प्रयोग किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्व एफ0आई0आर0 दर्ज करने के निर्देश दिये गये तथा अवगत कराया गया कि निर्माण में कही भी ईट की क्वालिटी खराब पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्व कार्यवाही कर दी जायेगी।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

खण्ड विकास अधिकारी खजनी ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत भरोहिया में पम्प हाउस बन्द है, पम्प आपरेटर हमेशा अनुपस्थित रहता है तथा उसके विरूद्व काफी शिकायते प्राप्त होती है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया कि ग्राम पंचायत भरोहिया मे निर्मित ओवर हेड टैंक पुरानी परियोजना है। जिसे ग्राम पंचायत को हस्तगत कर दिया गया है। अधोहस्ताक्षरी निर्देशित किया गया कि जिस ग्राम पंचायत में पम्प आपरेटर के कारण पानी की आपूर्ति नही हो रही है वहॉ के पम्प आपरेटर को बदल दिया जाय तथा ऐसी परियोजना जो ग्राम पंचायत को हस्तगित कर दी गयी हो वहॉ के ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित कर पानी की टंकी का संचालन कराया जाय।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0 )**

खण्ड विकास अधिकारी बांसगांव ने अवगत कराया कि निरीक्षण के दौरा ग्राम पंचायत गोहली बसन्त में ग्राम के अन्दर सी0सी0 रोड की पैचिंक की गयी है कही कही पैचिंग दबा हुआ है। पीच रोड कासिंग की मरम्मत नही की गयी है ग्राम पंचायत जिगिना भियावं में सी0सी0रोड की पैचिंग का कार्य किया गया है परन्तु खड़न्जा मार्ग का मरम्मत सही ढंग से नही किया गया है। इण्टरलाकिंग सड़क की मरम्मत भी गुणवत्ता पूर्ण नही है पिच रोड कास कर जहॉ पाइप ले जाया गया है उसकी पैचिंग कच्ची है जो दब गया है तथा ठोकर बना हुआ है।

खण्ड विकास अधिकारी पाली ने परफारमेन्स ग्रान्ट ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद का निरीक्षण किया जिसमें ओवर हेड टैंक का निर्माण कार्य चल रहा है तथा पानी सप्लाई के लिए अण्डर ग्राउण्ड पाइप डाला गया है, परन्तु ग्राम पंचायत में बने सी0सी0रोड एवं इण्टरलाकिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त ग्राम पंचायतो के सी0सीरोड एवं इण्टरलाकिंग को सही ढंग से ठीक कराया जाय, उक्त के अतिरिक्त अन्य स्थलो पर पाईप डालने हेतु की गयी खुदाई से जो मार्ग क्षतिग्रस्त कर दिया जा रहा है उसे सही ढंग से ठीक कराया जाय।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

मेसर्स नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड के द्वारा ग्राम पंचायतो में 105000 व्यक्तियो को कनेक्शन दिया जाना बताया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा हाउस कनेक्शन के सत्यापन हेतु किये गये कनेक्शन का ग्राम पंचायतवार नाम/पिता का नाम सहित सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही अब तक सूची उपलब्ध न कराने के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित उपलब्ध करायें।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

दिनांक 22.02.2023 की बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियो को निर्देशित किया गया था कि कम से कम 10 ग्राम पंचायतो में पेयजल परियोजना के निर्माण कार्य की सत्यापन/जॉच कर आख्या उपलब्ध कराया जाय। परन्तु कुछ अधिकारियो द्वारा सत्यापन आख्या उपलब्ध नही कराया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया गया कि जिन अधिकारियो द्वारा अभी तक सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध नही कराया गया है उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त किये जाय, सन्तोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नही होने पर उनका एक दिन का वेतन बाधित कर दिया जाय।

13/04/23

मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर

पत्रांक 106 /तददिनाकित। 13-4-2023

<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–</u>

1– जिलाधिकारी, गोरखपुर।
2– जिला विकास अधिकारी, गोरखपुर।
3– समस्त नामित नोडल अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
4– समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
5– अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।
6– मेसर्स एन0सी0सी0लि0/मेसर्स ऋत्विक कोया, जनपद गोरखपुर।
7– मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0 जनपद गोरखपुर।
8– जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 जनपद गोरखपुर।

13/04/23

मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर